# राजस्थान की शान में सजी खूबसूरती की महफिलः दामिनी बनीं मिसेज राजस्थान




**जयपुर,वेब वार्ता ।** गुलाबी नगरी के सूर्या पैराडाइज में सौंदर्य प्रतियोगिता 'राजस्थान की शान' का ग्रैंड फिनाले हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में प्रदेशभर से आए हुनरमंद प्रतिभागियों ने रैंप पर अपना जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में विवाहित और अविवाहित श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें दामिनी वर्मा ने 'मिसेज राजस्थान' का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के कड़े मुकाबलों के बीच शिक्षा कुमारी और हीर दासवानी को 'मिस राजस्थान' चुना गया। इनके साथ ही अबनूर कौर और आद्विका भी प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में विजेता बनकर उभरीं। विजेताओं के नामों की घोषणा होते ही पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

फिनाले की शाम को और भी यादगार बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता अंकित शर्मा और सेलिब्रिटी पूजा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ग्लैमर जगत की कई नामी हस्तियों ने शिरकत की। जिनमें फिल्म अभिनेत्री सनाया सैनी और मॉडल ईशा कोहली,आंचल पुरी, किशोर गीठाला, शगुन वर्मा और गुरु रेखा सैनी,हेमेंद्र गोस्वामी और सुशीला सारस्वत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शो की आयोजक स्नेहा शर्मा ने सफल आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस शो को सफल बनाने में 'पैशन' की पूरी इवेंट टीम का विशेष योगदान रहा।

उन्होंने स्पॉन्सर राधिका कल्चर सोसायटी और भगवती प्रॉपर्टी के कमलेश भारद्वाज सहित सभी साथियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे : जोधपुर मंडल में एक वर्ष में 8 प्रतिशत यात्री बढ़े, आय में भी उछाल



**जोधपुर,वेब वार्ता ।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पिछले एक वर्ष में यात्री परिवहन और राजस्व प्रदर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। बेहतर संचालन, डिजिटल टिकटिंग और यात्री सुविधाओं के विस्तार का असर सीधे तौर पर आंकड़ों में दिखाई दिया है। मंडल में कुल यात्री संख्या 343.36 लाख से बढ़कर 371.24 लाख तक पहुंच गई है, जो लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। यह बढ़ोतरी न केवल यात्रियों के बढ़ते भरोसे को दिखाती है,बल्कि रेलवे सेवाओं की पहुंच और सुविधा में सुधार का भी संकेत है।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि वित्तीय प्रदर्शन में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। मंडल की कुल सकल आय 2436.04 करोड़ रुपए से बढ़कर 2667.56 करोड़ रुपये तक पहुंच गई करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं यात्री आय 813.81 करोड़ रुपए से बढ़कर 944.43 करोड़ रुपये दर्ज की गई,जो करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने बताया कि विविध आय स्रोतों में मिश्रित प्रदर्शन रहा,जिसमें पार्किंग और कुछ अन्य सेवाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई,जबकि खानपान क्षेत्र में मामूली गिरावट देखी गई। इसके बावजूद पार्सल और माल ढुलाई गतिविधियों ने कुल राजस्व को संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह उपलब्धि बेहतर यात्री प्रबंधन, डिजिटल टिकटिंग सिस्टम के विस्तार,ट्रेनों के कुशल संचालन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि मंडल ने आने वाले समय में यात्री सुविधाओं के और विस्तार,सेवा गुणवत्ता सुधार और राजस्व वृद्धि को प्राथमिकता देने का लक्ष्य तय किया है।

## गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के लिए निकाली रैली

जालोर, 27 अप्रैल (वेबवार्ता) । जालोर शहर में सोमवार को गो-वंश संरक्षण और गो-माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर रैली निकाली गई। मलकेश्वर मठ से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक पहुंची इस रैली में गौभक्तों ने एसडीएम मनोज कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें गो-हत्या पर प्रतिबंध, सख्त कानून और गौसेवा मंत्रालय बनाने सहित कई मांगें रखी गईं। मलकेश्वर मठ में बैठक के बाद रैली शुरू अभियान की शुरुआत सुबह मलकेश्वर मठ में बैठक से हुई। इसमें वक्ताओं ने गो-वंश की स्थिति पर चिंता जताई और लोगों से जागरूक होने की अपील की। बैठक के बाद गौभक्त और शहरवासी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। बछड़े के साथ दिया गया संदेश रैली में गो-वंश का बछड़ा साथ रखा गया, जिसके माध्यम से गोवंश संरक्षण का संदेश दिया गया। गौभक्त बैनर और बछड़े के साथ चलते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। एसडीएम को सौंपा ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचने पर लोगों ने नारे लगाए और एसडीएम मनोज कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौसेवा मंत्रालय के गठन और गो-हत्या रोकने के लिए देशभर में समान सख्त कानून लागू करने की मांग की गई। चारा, गोचर भूमि और बोर्ड गठन की मांग गौभक्तों ने चारे के अधिकतम मूल्य तय करने और कीमतों पर नियंत्रण की मांग की। प्राकृतिक घास और चारे को केवल पशु आहार के लिए आरक्षित करने की बात कही गई। जालोर की गोचर, ओरण, वन, पहाड़ और नदी किनारे की पारंपरिक गो-भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कर गोवंश के लिए सुरक्षित करने की मांग रखी गई।

# जालोर में हीटवेव का अलर्ट

जालोर, 27 अप्रैल (वेबवार्ता) । जालोर जिले में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बना हुआ है, जहां दिन के साथ रात में भी गर्म हवाएं चल रही हैं। रविवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 29.8 डिग्री पहुंच गया, जिससे रात में भी राहत नहीं मिल रही। मौसम विभाग ने अगले 5 से 7 दिन तक गर्मी से राहत नहीं मिलने की संभावना जताई है, वहीं नगर परिषद ने शहर में टेंट और पानी की व्यवस्था शुरू की है। दिन के साथ रात में भी बढ़ी गर्मी जिले में सूरज की तेज गर्मी के साथ लू का असर लगातार बना हुआ है। अब हालात ऐसे हैं कि दिन के साथ रात में भी गर्म हवाओं के थपेड़े महसूस हो रहे हैं। रविवार को अधिकतम तापमान में 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई, लेकिन इससे गर्मी और उमस में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। रात का पारा 29.8 डिग्री, बढ़ी बेचैनी सबसे ज्यादा असर न्यूनतम तापमान पर पड़ा है, जिसमें 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके बाद रात का तापमान 29.8 डिग्री तक पहुंच गया है। इस वजह से देर रात तक लोगों को गर्मी और बेचैनी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ों की गर्मी से रात में भी चल रही लू जालोर के आसपास के पहाड़ दिनभर तेज धूप से गर्म हो जाते हैं। इसी कारण रात के समय भी गर्म हवाएं चलती रहती हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक सप्ताह तक जिले में लू का असर बना रहेगा। राहत के लिए नगर परिषद ने किए इंतजाम भीषण गर्मी को देखते हुए जालोर नगर परिषद ने शहर में राहगीरों के लिए राहत की व्यवस्था की है।

# बीजेपी का महिला आरक्षण विरोधी चेहरा हुआ उजागर, इसलिए भ्रम फैला रही सरकार : भूपेंद्र सिंह हुड्डा




**चंडीगढ़,वेब वार्ता ।** कांग्रेस ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए हरियाणा सरकार द्वारा बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र का बहिष्कार कर दिया और सदन के बाहर सामानांतर विधानसभा का आयोजन किया। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में पार्टी ने एकमत से यह फैसला लिया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ा रही है। महिला आरक्षण का मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है, राज्य सरकार का नहीं। इसलिए यह राज्य सरकार द्वारा यह सत्र बुलाना असंवैधानिक है तथा कांग्रेस विधायको ने जनता की गाडी कमाई का दुरुपयोग रोकने के लिए सत्र के दौरान विधायकों को मिलने वाले ञ्, ष्ठ लेने से भी इंकार कर दिया। हरियाणा के इतिहास में विधानसभा बायकॉट का इस प्रकार का फैसला पहली बार हुआ है. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने समानांतर सदन में भाजपा सरकार की महिला आरक्षण विरोधी नीति और नीयत को तथ्यों के साथ उजागर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर कीमत पर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करेगी और बीजेपी के मंसूबे कामयाब नहीं होने देगी। प्रदेश सरकार ने असंवैधानिक उदेश्य से विशेष सत्र बुलाया था, जिसका कांग्रेस ने बॉयकॉट किया। विधानसभा के बाहर समानांतर सत्र में कांग्रेस विधायकों ने 2023 में पास हो चुके महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए उसे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया और सरकार से इसे तुरंत प्रभाव से लागू करने की मांग की। क्योंकि संशोधन 2023 हो या संशोधन 2026 इनमें से किसी भी संशोधन में राज्यसभा में महिलाओं को आरक्षण देने का जिक्र नहीं है। क्योंकि सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल पास कर दिया था। इस पर राष्ट्रपति ने भी मुहर लग चुकी है। यह कानून संविधान का अभिन्न अंग बन चुका है। बावजूद इसके तीन साल बाद भी भाजपा ने इसे लागू नहीं किया। यहां तक आरक्षण विधेयक को 30 महीने के बाद अधिसूचित किया गया। अब आरक्षण को और लटकाने के मकसद से सरकार ने जानबूझकर संसद में परिसीमन बिल पेश किया और उसमें साजिश के तहत महिला आरक्षण को जोड़ दिया। विपक्ष और पूरा देश भाजपा की इस चाल को समझ गया और सरकार की इस चाल को कामयाब नहीं होने दिया। विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि 2023 में पास हो चुके बिल को फौरन लागू किया जाए। अपनी महिला विरोधी नीति को छिपाने के लिए भाजपा अब जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री, पहली महिला मुख्यमंत्री, पहली महिला स्पीकर, पहली महिला राष्ट्रपति कांग्रेस ने ही बनाई। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण कांग्रेस की देन है। स्व. राजीव गांधी के नेतृत्व में लाए गए 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत तथा जिला पंचायतों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया। कांग्रेस ने ही 2010 में राज्यसभा में, जहां उसका संख्या बल था, महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराया था। लोकसभा में गठबंधन सरकार होने के कारण इसे पारित नहीं कराया जा सका। लेकिन भाजपा ने बिल पास होने और कानून बनने के बाद भी इसे लागू नहीं किया। हुड्डा ने की मांग है कि जिस स्वरूप में 'महिला आरक्षण कानून 2023' पास हुआ है, उसी स्वरूप में लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी लागू किया जाए । कांग्रेस विधायकों ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा लाया गया निंदा प्रस्ताव पूरी तरह असंवैधानिक है। भाजपा जानबूझकर ऐसे मुद्दे उठा रही है जो केंद्र के अधीन आते हैं। भाजपा महिलाओं को आरक्षण देना ही नहीं चाहती क्योंकि उसकी नीयत ठीक नहीं है और वह जानबूझकर इसे टालने की कोशिश कर रही है। अगर भाजपा की नीयत ठीक होती तो मौजूदा 543 सांसदों में ही आरक्षण देकर कानून लागू किया जा सकता था।

आज हरियाणा में युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, किसान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं, कानून-व्यवस्था ध्वस्त है और प्रदेश की महिलाएं व गृहणियां आसमान छूती महंगाई तथा रसोई गैस की किल्लत से जूझ रही हैं। ऐसे में भाजपा सरकार सदन का कीमती समय केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ को साधने के लिए बर्बाद कर रही है।

कांग्रेस ने सामानांतर सदन में महिला आरक्षण बिल 2023, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों को स्स्क्र सतलुज-यमुना लिंक नहर (स्ङ्घरु), प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी आदि मुद्दों पर चर्चा की।

सामानांतर सदन की अध्यक्षता रघुबीर सिंह कादियान और शकुंतला खटक ने की। गीता भुक्कल ने सदन में चर्चा के लिए प्रस्ताव रखा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सदन लोकतंत्र का मंदिर है, सबका फर्ज है कि वहां अपनी बात रखें लेकिन यहां कोई असंवैधानिक बात नहीं करनी चाहिए। भाजपा जो विधानसभा में कर रही है, वह हरियाणा सरकार का विषय नहीं बल्कि केंद्र सरकार का विषय है। भाजपा महिला विरोधी है, यह सच्चाई अब सबके सामने उजागर हो चुकी है।

## संजय दत्त ने मांगी माफी, 50 आदिवासी बेटियों की पढ़ाई का उठाएंगे खर्च

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (वेब वार्ता)। फिल्मी गीत 'सरके चुनरी तेरी' को लेकर उठे विवाद में अभिनेता संजय दत्त ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश होकर बिना शर्त माफी मांगी है। साथ ही उन्होंने 50 आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का वचन दिया है। इस मामले में आयोग की सुनवाई के बाद नया मोड़ आया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस गीत के कथित आपत्तिजनक बोलों पर स्वतः संज्ञान लिया था। सोमवार को हुई सुनवाई में संजय दत्त व्यक्तिगत रूप से आयोग के सामने उपस्थित हुए। उनके वकील ने बताया कि गीत की मूल शूटिंग कन्नड़ भाषा में हुई थी और बाद में इसे हिंदी में डब किया गया, जिसकी जानकारी अभिनेता को नहीं थी। सुनवाई के दौरान आयोग ने गीत के बोलों को महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। आयोग की अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि रचनात्मकता के नाम पर महिलाओं के सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकरण में अभिनेत्री नोरा फतेही को भी व्यक्तिगत रूप से पेश होने का अंतिम अवसर दिया गया है। इससे पहले हुई सुनवाई में उनके वकील के माध्यम से पेशी को आयोग ने अस्वीकार कर दिया था और स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। विवादित गीत कन्नड़ फिल्म केडी- द डेविल का हिस्सा है, जिसे रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा। बढ़ते विरोध के बीच इस गीत को मंचों से हटा भी लिया गया है। साथ ही, गीतकार रकीब आलम, निर्देशक प्रेम और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी आयोग के समक्ष लिखित माफी दी है। उन्होंने स्वीकार किया कि गीत का समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा और भविष्य में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का आश्वासन दिया। कुल मिलाकर, इस विवाद ने मनोरंजन जगत में सामग्री की जिम्मेदारी और महिलाओं की गरिमा के मुद्दे को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने बीना मोदी से जुड़े मारपीट मामले को किया खारिज

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (वेब वार्ता)। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उद्योगपति बीना मोदी, उनके निजी सुरक्षा गार्ड सुरेंद्र प्रसाद और वरिष्ठ वकील ललित भसीन के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज कर दिया। यह मामला 2024 में बोर्ड मीटिंग के दौरान उनके बेटे समीर मोदी के साथ कथित मारपीट से जुड़ा था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए गॉडफ्रे फिलिप इंडिया के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर समीर मोदी ने जस्टिस सौरभ बनर्जी को बताया कि उन्होंने अपनी मां बीना मोदी और अन्य दो आरोपियों के खिलाफ शिकायत वापस ले ली है। इसके बाद न्यायाधीश ने कहा, यह मुकदमा खारिज किया जाता।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

### निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.05.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 0114110700046615, पाली, मानड्यिा रोड, 01153707000 22625, सुमेरपुर, 0135550700014435,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## 35 साल पुराने हत्याकांड में आजीवन कारावास के दोषी को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (वेब वार्ता)। 1989 के एक हत्याकांड में दोषी ठहराए गए फरार आरोपी को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सजा बरकरार किए जाने के लगभग नौ साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी की पहचान सुशील कुमार उर्फ गुड्डू (57) के रूप में हुई है। वह 2017 से फरार था और हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद सरेंडर नहीं किया था। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपित वर्ष 2017 से फरार था और हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद सरेंडर नहीं कर रहा था। पुलिस ने शनिवार को दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर 1989 में कृष्णा नगर थाने में दर्ज मामले में ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2000 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बाद में इस सजा को बरकरार रखा, लेकिन आरोपी कोर्ट के आदेश का पालन करने के बजाय फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एक टीम को दोषी फरार अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था। इस पुराने मामले में रिकॉर्ड्स और आरोपी की तस्वीर न होने के बावजूद टीम ने डिजिटल रिकॉर्ड्स और हाईकोर्ट में अपील से जुड़े दस्तावेजों का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए।टीम को विशिष्ट सूचना मिलने पर शाहदरा के पश्चिम ज्योति नगर में किराए के मकान तक पहुंची और शनिवार को छापा मारकर सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। क्या है पूरा मामला यह मामला 6-7 अक्टूबर 1989 की रात का है, जब कृष्णा नगर के ज्ञान पार्क क्षेत्र में रामलीला कार्यक्रम के दौरान झगड़ा हो गया। विवाद के दौरान आरोपी सुशील कुमार ने विवेक नामक व्यक्ति की गर्दन में चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।सुशील कुमार को पहले गिरफ्तार किया गया था और 1993 में जमानत मिल गई थी।

कैलास जीवन
मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम




। एड़ियों का फटना । मुहाँसे ।
। हाथ पाँव और आँखों की जलन ।
। मुँह के छाले । कटना । जलना । फिशर्स ।
आदि के लिए गुणकारी

Available in: 12g Tube, 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle amazon | netmeds.com

Distributors:
Jaipur: Shri Ram Drug Store: 0141 - 4014062, Jhalani Medicals: 0141-2315448 / 7742301053
Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | asumkj@gmail.com | www.asum.com
Customer Care: Anjanikumar: 8484822074, Pankaj: 8484822071

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लॉट नं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी पूर्व की तरफ, सिरोही बाई–पास सिरोही से मुद्रित व गोगाजी मंदिर के सामने, हिम्मतरामजी माली का मकान, राजेन्द्र नगर जालोर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक–युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई–मेलः yuvrajsinghh@gmail.com